# उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23, एलनगंज, प्रयागराज–211002

पत्रांक : शि०से०आयोग/ 1394 /चयन/39–2026/2026–27 दिनांक : 07.07.2026

## विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में चयन हेतु विज्ञापन संख्या–02/2022 के अन्तर्गत विज्ञापित प्रवक्ता (बालक/बालिका के पदों) की लिखित परीक्षा दिनांक 09 एवं 10 मई 2026 को आयोजित की गयी थी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 15.06.2026 से दिनांक 27.06.2026 तक सम्पन्न कराया गया। प्रवक्ता के 18 विषयों के विज्ञापित 624 पदों की लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के पश्चात अन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग द्वारा घोषित कर दिया गया है। लिखित परीक्षा, अधिभार एवं साक्षात्कार के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों का विषयवार/श्रेणीवार विवरण एवं कटऑफ आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.upessc.up.gov.in पर प्रदर्शित है।

| Sr No. | Subject Name | Sr No. | Subject Name | Sr No. | Subject Name |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | *Physics* | 7. | *Agriculture* | 13. | *Sanskrit* |
| 2. | *Biology* | 8. | *Commerce* | 14. | *Psychology* |
| 3. | *Home Science* | 9. | *Sociology* | 15. | *Chemistry* |
| 4. | *History* | 10. | *Civics* | 16. | *Geography* |
| 5. | *Education* | 11. | *Mathematics* | 17. | *Hindi* |
| 6. | *English* | 12. | *Economics* | 18. | *Arts* |

2. सूच्य है कि अभ्यर्थियों के प्राप्तांक का विवरण आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना अनुक्रमांक एवं जन्मतिथि अंकित कर एक सप्ताह तक देख सकते है। इस सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत कोई सूचना दिया जाना सम्भव नहीं होगा।
3. उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली, 1998 के नियम 12(9) में दी गयी व्यवस्थानुसार अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार पत्र डाउनलोड करते समय विज्ञापित संस्थाओं की अधिमानता आनलाइन भरी गयी है। उक्त अधिमानता एवं घोषित पैनल के सापेक्ष विषयवार/श्रेणीवार चयनित अभ्यर्थियों के संस्था–आवंटन रिक्तियों की संख्या के अनुरूप उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली, 1998 के नियम–12(10) के अनुसार किया जायेगा।

भवदीय

07/07/2026

उपसचिव

उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग

प्रयागराज।